पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

1864
पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांकः 12378
Date / दिनांकः 01/08/2026

Patna Municipal Corporation
Date: 01-08-2026
2026 12375

**अतिमहत्वपूर्ण**

प्रेषित,

Mauryan Kars Auto Services LLP,
चालक आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी
पटना नगर निगम।

विषयः- **दिनांक 30.07.2026 तथा दिनांक 31.07.2026 को चालक की उपस्थिति नगण्य रहने के कारण स्पष्टीकरण के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के सफल संपादन हेतु निविदा के माध्यम से आपके द्वारा चालक की आपूर्ति की जा रही है, जिसके आलोक में निम्नानुसार अधियाचना की मांग अंचल कार्यालय के द्वारा की जाती है।

उल्लेखनीय है कि पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के द्वारा 30 जुलाई 2026 से आहूत हड़ताल के दौरान यह पाया गया है कि आपके द्वारा स्वीकृत बल के विरूद्व कर्मियों की आपूर्त्ति नगण्य कर दी गयी है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आप उक्त हड़ताल का समर्थन करते हुए निगम कार्य को प्रभावित करने की साजिश में सम्मिलित है।

उपरोक्त के संबंध में हड़ताल को ध्यान में रखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्र में किसी प्रकार स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, इस हेतु आपकों दिनांक 25.07.2026 को पत्रांक 19/CAMP से सूचित किया गया था एवं यह भी निदेशित किया गया था कि आपके एजेन्सी के द्वारा इस हड़ताल में किसी भी प्रकार की सहभागिता/संलिप्तता नहीं की जायें और वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर पर्याप्त चालक की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

विदित हो कि एकरारनामा के कंडिका **6** में Penalties for Lapses/Shortfall के अन्तर्गत पेनाल्टी हेतु इस प्रकार प्रावधान है:-

(01) एकरारनामा के क्रम संख्या 12 के अनुसार "In case of small vehicle/e-cart, agency fails to collect or no collects waste from household. **Rs 200/- Per household**."

(02) एकरारनामा के क्रम संख्या 13 के अनुसार "In case of small vehicle/e-cart, If the agency is found that during door to door collection, they do not play jingle/slogans/etc. through loudspeaker mounted on vehicle/e-cart as per direction of PMC authority. **Rs 500/- per vehicle**

उक्त के आलोक में दिनांक 30.07.2026 तथा 31.07.2026 को एकरारनामा के आलोक में पेनाल्टी की विवरणी निम्न प्रकार है:-

| **Particulars** | दिनांक 30.07.2026 का Penalties कंडिका 6 के एकरारनामा के क्रम संख्या 12 तथा 13 के अनुसार | दिनांक 31.07.2026 का Penalties कंडिका 6 के एकरारनामा के क्रम संख्या 12 तथा 13 के अनुसार |
|---|---|---|
| No of household as per '**Electricity Consumer Data in PMC - 560598** | 560598 X 200 = 11,21,19,600 | 560598 X 200 = 11,21,19,600 |
| No of door to door vehicle | 639 X 500 = 3,19,500/- | 639 X 500 = 3,19,500/- |
| Total | 11,24,39,100/- राशि (ग्यारह करोड़ चौबीस लाख उनचालीस हजार एक सौ) रूपये | 11,24,39,100/- राशि (ग्यारह करोड़ चौबीस लाख उनचालीस हजार एक सौ) रूपये |

साथ ही भविष्य में भी हड़ताल अवधि के दौरान पर्याप्त संख्या में चालक की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

अतः उक्त के आलोक में आगामी माह के विपत्रों से उपरोक्त पेनाल्टी की कटौति की जायेगी। साथ ही 24 घन्टे के अन्दर यह स्पष्ट करें कि क्यों नहीं आपके उपरोक्त कृत्य के लिए एकरारनामा रद्द करते हुए एजेन्सी को काली सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जाए।

01/08/2026

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :-.......................................................................-12375, दिनांक :-01/08/2026

प्रतिलिपि :-अपर नगर आयुक्त (सफाई)/सभी कार्यपालक पदाधिकारी/टीम लीडर सीए टीम, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

01/08/2026

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :-.......................................................................-12375, दिनांक :-01/08/2026

प्रतिलिपि :-

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2. जिला पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
3. आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
4. सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
5. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

01/08/2026

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम